Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the government to provide information on action taken against the matter raised in the Zero Hour by the MPs.

श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली): अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं आपका आभारी हूँ । मैं बहुत महत्वपूर्ण विषय यहां पर उठाना चाहता हूं । हम सारे सदस्य ज़ीरो ऑवर में अपने-अपने क्षेत्र की गम्भीर समस्या को यहां रेज करते हैं और आप उसको अलाऊ करते हैं । हम दो सत्रों से अपनी समस्या यहां रेज करते आए हैं, लेकिन सरकार की तरफ से न तो हमें सूचित किया जाता है, न कोई कार्रवाई होती है । जब हम लोक सभा के बाद अपने क्षेत्र में जाते हैं, तो लोग हमसे पूछते हैं कि क्या आप हमारे मैम्बर हो और आपने लोक सभा में इस विषय को उठाया है, उसका क्या परिणाम आया? वे हमसे पूछते हैं, हम जवाब नहीं दे पाते हैं । मेरी आपके माध्यम से सरकार से यह निवेदन है, रिक्वेस्ट है कि ज़ीरो ऑवर में जितने भी यहां पर विषय उठाए जाते हैं, उनके ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए और हमें सूचित करना चाहिए । सर, मैं आपसे भी रिक्वेस्ट करता हूँ कि आप भी इस बारे में निर्देश दें । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री अनुभव मोहंती, श्री अरविंद सावंत, डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे, श्री राजन बाबूराव विचारे, श्री हेमन्त पाटिल, श्री राहुल रमेश शेवाले, श्री मलूक नागर और श्री गिरीश चन्द्र को श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

प्रो. **सौगत राय (दमदम)**: सर, आप व्यवस्था दीजिए ।…(व्यवधान)